समाचार

# सड़क में मवेशी खुला छोड़ने पर एफआईआर दर्ज करने निगम ने थाना प्रभारी को लिखा पत्र

## (मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध अब निगम कर रहा कड़ी कार्यवाही, बार–बार समझाईश नहीं पड़ रहा कोई असर )




कोरबा 12 अगस्त 2025 – बालकोनगर के परसाभांठा बाजार के नीचे दुर्गा मंदिर गली में संचालित पशु खटाल के संचालक श्रीमती नंदनी पाठक पति हीरालाल पाठक के द्वारा सड़क पर अपने मवेशियों को खुला छोड़ने व खटाल की गंदगी खुले में फेंकने पर आज निगम द्वारा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने एवं खटाल को बंद कराने हेतु थाना प्रभारी बालकोनगर को पत्र लिखा गया है, मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध अब निगम कड़ी कार्यवाही कर रहा है, क्योंकि बार–बार समझाईश का कोई असर पशुपालकों पर नहीं हो रहा है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर स्वच्छंद विचरण हेतु खुला छोड़ दिया जा रहा है, इन मवेशियों के सड़क पर बैठने, विचरण करने से दुर्घटनाएं घटित होती है, यातायात व्यवस्था प्रभावित होती हैं तथा सड़कों पर आवागमन करने वाले आमनागरिकों, वाहन चालकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, निगम द्वारा एक ओर जहॉ सड़कों में स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गोठान पहुंचाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पशुपालकों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े किन्तु बार–बार समझाईश व अपील का कोई भी असर पशुपालकों पर नहीं हो रहा, निगम अब इन पशुपालकों पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है, इसी कड़ी में आज एक खटाल संचालक

पर एफआईआर दर्ज करने हेतु निगम द्वारा पत्र लिखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 45 परसाभांठा बाजार के नीचे दुर्गा मंदिर गली में खटाल संचालित हैं, खटाल संचालक द्वारा अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे आए दिन उस क्षेत्र में दुर्घटनाएं घटित होती हैं, साथ ही खटाल संचालक द्वारा खटाल में उत्सर्जित गंदगी को वहॉ पर स्थित सामुदायिक भवन के बगल में एवं भवन के सामने फेंक कर गंदगी फैलाई जा रही है। निगम के बालको जोन उप प्रभारी ने उक्त खटाल संचालक पर एफआईआर दर्ज करने व खटाल को बंद कराए जाने हेतु बालकोनगर थाना प्रभारी को पत्र प्रेषित किया है।

**मवेशियों को सड़कों पर कदापि खुला न छोड़े** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के पशुपालकों को पुनः हिदायत देते हुए कहा है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े, मवेशियों के सड़कों पर बैठने व विचरण करने से दुर्घटना घटित होने की लगातार संभावना बनी रहती है, सड़कों से गुजरने वाले नागरिकों व वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी होती है, वाहनों की ठोकर से मवेशियों के घायल होने का खतरा भी निरंतर बना रहता है, अतः मवेशियों को घर पर ही सुरक्षित रखें, उन्हें सड़कों पर खुला न छोड़े। उन्होने कहा है कि निगम द्वारा इसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा जिन पशुपालकों द्वारा अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला छोड़ा जाएगा, उन पर लगातार दण्डात्मक व वैधानिक कार्यवाही निगम करेगा।